रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची 834008

55वीं वार्षिक ऑनलाइन/ऑफ़लाइन प्रतियोगिता - 2025-26

नया और जीवंत भारत के निर्माण के लिए

प्रतिभागियों के लिए दिशानिर्देश

झारखंड के सभी छात्रों (कक्षा 5 से 12 तक), महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अन्य सभी के लिए **नि:शुल्क प्रश्नोत्तरी, सस्वर पाठ और निबंध लेखन।**

उद्देश्य: भारत के आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों को स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणा, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण संदेशों से परिचित कराना।

प्रश्नोत्तरी (ऑनलाइन हिंदी और अंग्रेजी दोनों में): तीन समूह होंगे: पुस्तक (A) "स्वामी विवेकानन्द की सरल जीवनी और उपदेश" (हिन्दी और अंग्रेजी में), छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और गणित पर आधारित **(कक्षा 5 से 7)**, (B) पुस्तक : हिंदी में **"नया भारत गढ़ो"**/ अंग्रेजी में **"Rebuild India"** i) कक्षा 8 से 12, एवं ii) अन्य सभी के लिए। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची द्वारा राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की जायगी।

सस्वर पाठ (केवल हिंदी में): दो समूह होंगे: (A) कक्षा 5 से 7 और (B) कक्षा 8 से 10 हिंदी में। पाठ का विषय : स्वामी विवेकानन्द का "स्वदेश मंत्र"। स्कूल/किसी भी संगठन स्तर पर पहली प्रतियोगिता (ऑफ लाइन) होगी इसके प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को जिला स्तर पर दूसरी प्रतियोगिता में फिर से उपस्थित होना होगा (ऑनलाइन/ऑफ लाइन मोड), जिला स्तर पर दूसरी प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को राज्य स्तर पर तीसरी प्रतियोगिता में फिर से उपस्थित होना होगा (ऑनलाइन)

हाथ से निबंध लेखन: समूह:दो समूह होंगे: (A) किसी भी शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक और (B) सभी के लिए।

विषय "नया भारत गढ़ो" (हिंदी) और "Rebuild India" (अंग्रेजी), निबंध का केंद्रीय विषय और उप-बिंदु को हिंदी में "नया भारत गढ़ो" पुस्तक के अध्यायों से और अंग्रेजी में " Rebuild India" से लेना है। (इन पुस्तकों की सॉफ्ट कॉपी rkmranchi.org/competition पर उपलब्ध हैं)

मूल्यांकन : जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं की सूची तैयार की जाएगी। उस सूची के अनुसार ही राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा।

जमा करने का तरीका: ऑनलाइन (ईमेल/वेबसाइट) केवल स्कैन की गई **हस्तलिखित** प्रतियों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रतिभागियों द्वारा अपनी भाषा में 800 से 1000 शब्दों में हस्तलिखित निबंध या A4 आकार के कागज के दो पृष्ठ में हिंदी / अंग्रेजी / संस्कृत / बंगला में लिखना है। वेबसाइट(http://www.rkmranchi.org/competition) पर अपलोड करना है या हाथ से जमा करना है।

पंजीकरण: **आरंभ तिथि:16 अगस्त, 2025 समापन तिथि:30 नवंबर, 2025**

प्रतियोगिता: जिला स्तर: दिसम्बर, 2025 के पहले एवं दूसरे सप्ताह तक, राज्य स्तर: दिसंबर, 2025 के तीसरे एवं चौथे सप्ताह तक

अधिक जानकारी पंजीकरण और अध्ययन सामग्री डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर जाएँ:

http://www.rkmranchi.org/competitionऔर किसी भी प्रश्न के लिए ईमेल: rkm.competition@gmail.com

संपर्क व्यक्ति के मोबाइल नंबर:**9631912330, 9938223862, 6299193243, 8252910735, 9835158708**

(सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक)।

मुख्य विशेषताएं:

- सभी पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन पंजीकरण और ई-प्रमाणपत्र।
- कक्षा 5 से 7 के लिए पुस्तक स्वामी विवेकानन्द की सरल जीवनी (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण), कक्षा 8 से 12 एवं अन्य के लिए **"नया भारत गढ़ो"** या **"Rebuild India"** केवल भुगतान पर (छूट के साथ) उपलब्ध होगी या इसे नि:शुल्क भी डाउनलोड www.rkmranchi.org/competition से किया जा सकता है।
- स्कूल स्तर पर, केवल सस्वर पाठ के लिए पुरस्कार स्कूल या जिला नोडल संगठन द्वारा तय किया जाएगा।
- जिला स्तर पर, पुरस्कारों का निर्णय और वितरण संबंधित जिला के नोडल संगठन द्वारा किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर **80,000**/- रुपये (केवल अस्सी हजार) का पुरस्कार राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी 2026) पर किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- नया भारत पर स्वामी विवेकानन्द का दृष्टिकोण।
- **केवल झारखंड के विद्यार्थी / आमजनों के लिए**

स्वामी भवेशानंद
(सचिव)

नोट : अपरिहार्य परिस्थिति में कार्यक्रम में परिवर्तन हो सकता है।